





# कितना भारी

नीचे 2–2 वस्तुओं के जोड़े दिए गए हैं। दोनों में कौन भारी है? भारी पर ☑ लगाओ–










कौन हल्का, कौन भारी ? लिखो–





➢ नीचे लिखी वस्तुओं के पैकेट देखकर उनका वजन और मूल्य लिखो –

| वस्तुएँ | वजन | मूल्य (रुपये) |
|---|---|---|
| बिस्कुट का पैकेट | .................... | .................... |
| नमक का पैकेट | .................... | .................... |

➢ आओ बिस्कुट और नमक के पैकेट को तराजू पर तौल कर देखते हैं–

- तराजू के एक पलड़े पर बिस्कुट/नमक का पैकेट रखें।
- दूसरे पलड़े पर ऐसे बाट रखें कि तराजू की डंडी सीधी हो जाए या काँटा बीच में आ जाए।

सोचो, तराजू के काँटा/डंडी को बीच में क्यों लाते हैं ?

अब बताओ, तुम्हारे द्वारा तौले गए–

नमक के पैकेट का वजन ..............................................

बिस्कुट के पैकेट का वजन ..............................................

**तराजू और बाट–**

आप सब्ज़ी की दुकान, किराने की दुकान और मिठाई की दुकान पर गए होंगे। वहाँ आप ने तरह–तरह के तराजू और बाट देखे होंगे।

चित्र देखो। अपने द्वारा देखे गए तराजू और बाटों पर ✓ का चिह्न लगाओ–





माधव को 5 किलोग्राम गेहूँ लेना था। दुकानदार ने जैसे ही गेहूँ तौलना शुरू किया, माधव बोल पड़ा – यह क्या ! तुमने तो छोटे–बड़े बाट रखे हैं। दुकानदार ने कहा – देखो, तुम्हें 5 किलो गेहूँ चाहिए। हमने तो पूरे बाट रखे हैं।



➢ क्या तुम बता सकते हो उसने कौन–कौन से बाट रखे होंगे ?

इतने में परदेशी भैया आ गए। माधव ने अपनी समस्या परदेशी से भी कही। परदेशी भैया ने तराजू से सभी बाट उठाकर बाहर रखे। सभी बाटों को दिखाते हुए माधव को समझाया–

100 ग्राम + 200 ग्राम + 200 ग्राम + 500 ग्राम = 1000 ग्राम

1000 ग्राम का मतलब होता है 1 किलोग्राम

1 किलोग्राम + 2 किलोग्राम + 2 किलोग्राम = 5 किलोग्राम

➢ 5 किग्रा गेहूँ को आप किन–किन बाटों से तौल सकते हैं? लिखो–............................................................................................................

............................................................................................................।

## परदेशी ने समझाया

परदेशी ने पहले पाँच–पाँच सौ ग्राम के दो बाट एक पलड़े पर और 1 किग्रा का बाट दूसरे पलड़े पर रखा।

माधव ने देखा दोनों पलड़े बराबर हैं।



500 ग्राम + 500 ग्राम = 1000 ग्राम

= 1 किलोग्राम

फिर दो–दो सौ ग्राम के 5 बाट एक पलड़े पर रखे। दूसरे पर 1 किलोग्राम का बाट रखा। देखा दोनों पलड़े बराबर हैं।

200 ग्राम + 200 ग्राम + 200 ग्राम + 200 ग्राम + 200 ग्राम

= 1000 ग्राम या 1 किलोग्राम

परदेशी ने 1 किलोग्राम के 5 बाट एक पलड़े पर और 5 किलोग्राम का एक बाट दूसरे पर रखा। उसने देखा दोनों पलड़े बराबर हैं।

1 किलोग्राम + 1 किलोग्राम + 1 किलोग्राम

+ 1 किलोग्राम + 1 किलोग्राम = 5 किलोग्राम

## आओ देखें

➢ 5 किलोग्राम 750 ग्राम में कितने ग्राम

= 5 किलोग्राम + 750 ग्राम

= 5 X 1000 ग्राम + 750 ग्राम

= 5000 ग्राम + 750 ग्राम

= 5750 ग्राम

➢ 2650 ग्राम में कितने किलोग्राम व कितने ग्राम

2650 ग्राम = 2000 ग्राम + 650 ग्राम

= 2 किलोग्राम + 650 ग्राम

= 2 किलोग्राम 650 ग्राम

अब तुम बताओ–

- 3700 ग्राम में कितने किलोग्राम व कितने ग्राम – ..............................
- 6 किलोग्राम 500 ग्राम में कुल कितने ग्राम – ..............................

## जोड़ना

गुरमीत के पास 400 ग्राम चीनी और राहुल के पास 300 ग्राम चीनी है। दोनों के पास कुल कितनी चीनी है ?

देखो

| | |
|---|---|
| | 400 ग्राम |
| + | 300 ग्राम |
| | 700 ग्राम |

**अब तुम बताओ–**

परदेशी ने 5 किलोग्राम दाल व 2 किलोग्राम चीनी खरीदी। उसने कुल कितने वजन का सामान खरीदा ? ..........................................

## घटाना

नूरी के पास 750 ग्राम अंगूर हैं। उसने 250 ग्राम अंगूर समीर को दे दिए। नूरी के पास कितने ग्राम अंगूर बचे ?

देखो

| | |
|---|---|
| | 750 ग्राम |
| − | 250 ग्राम |
| | 500 ग्राम |

**तुम भी करो–**

18 किलोग्राम में से 12 किलोग्राम घटाओ–............





### हमने सीखा

- 1 किलोग्राम = 1000 ग्राम
- 1000 ग्राम = 1 किलोग्राम
- किलोग्राम को किग्रा लिखते हैं और ग्राम को ग्रा लिखते हैं।

- समझ बनाएँ कि किग्रा/ग्राम के जोड़–घटाने, साधारण जोड़–घटाने की तरह ही किए जाते हैं।

## अभ्यास



1. रिक्त स्थानों को भरो–

250 ग्राम+ 250 ग्राम = ............ ग्राम

500 ग्राम+ 250 ग्राम = ............ ग्राम

600 ग्राम– 350 ग्राम = ............ ग्राम


200 किलोग्राम – 85 किलोग्राम = ............ किलोग्राम

2. आओ करके देखें–

| | | |
|---|---|---|
| 700 ग्राम | 240 किलोग्राम | 147 किलोग्राम |
| + 200 ग्राम | + 145 किलोग्राम | +42 किलोग्राम |
| ________ | ________ | ________ |

3. मीना ने 850 ग्राम मिठाई खरीदी। उसने 250 ग्राम मिठाई दीपक को दे दी। अब उसके पास कितनी मिठाई बची ?

4. देखो और कॉपी में लिखो–




- आम और पपीता का कुल वजन कितना होगा ?
- नाशपाती और टमाटर का कुल वजन कितना है ?
- लौकी और तरबूज का कुल वजन कितना है ?
- चीनी से लड्डू कितने किलोग्राम कम हैं ?